'राइजिंग राजस्थान के महज 9 महीने में पांच लाख करोड़ रु. के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास'

जयपुर (कासं)। राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया था। इस सम्मेलन के महज 9 महीनों में, 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के समझौता ज्ञापनों का शिलान्यास हो चुका है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर "राइजिंग राजस्थान" समिट में एम.ओ.यू. करने वाले निवेशकों के साथ नियमित बैठक कर तमाम प्रोजेक्ट्स को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तमाम प्रोजेक्ट्स की समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निवेशकों के साथ समन्वय स्थापित कर काम करें।

बैठक के दौरान पंत ने प्रमुख क्षेत्रों में विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी की समीक्षा की, प्राप्त लक्ष्यों पर प्रकाश डाला और जी.बी.सी. लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभाग के अधिकारियों की सराहना की। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, "नियमित बैठकें, निवेशकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई और पारदर्शी प्रक्रिया बनाए रखने से समझौता ज्ञापनों का त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा और प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।" मुख्य सचिव ने आगे कहा कि नई शहरी आवास विकास नीति लागू होने से समझौता ज्ञापनों के कार्यान्वयन के लिए भूमि आवंटन में तेज़ी लाने में मदद मिलेगी, जिससे परियोजनाओं का शिलान्यास शीघ्रता से शुरू हो सकेगा।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर "राइजिंग राजस्थान" समिट के एम.ओ.यू. की प्रगति की समीक्षा की।

इसके अलावा, पंत ने अधिकारियों को निवेशकों को रीको की प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना से अवगत कराने के निर्देश दिए। यह योजना उन निवेशकों को आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंड प्रदान करती है जिन्होंने 27 अगस्त 2025 से पहले "राइजिंग राजस्थान" के तहत राज्य के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना और ई-नीलामी के चौथे चरण तक, 1200 से अधिक भूखंड आवंटित किए जा चुके है। रीको की प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना का पाँचवाँ चरण 12 सितंबर 2025 को शुरू हुआ और रीको द्वारा विकसित विभिन्न नए और मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों को 6 हजार से अधिक औद्योगिक भूखंड प्रदान करेगा।

■ अधिकारी, निवेशकों के साथ नियमित बैठकें कर प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतारने के काम में तेजी लाएं : मुख्य सचिव

बैठक में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, खेल सचिव नीरज के. कुमार, पशुपालन सचिव डॉ. समित शर्मा, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव (अतिरिक्त) डॉ. जोगा राम, कृषि विभाग के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजन विशाल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. सरवण कुमार, निवेश संवर्धन ब्यूरो (बीआईपी) के आयुक्त सुरेश कुमार ओला और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कलयुगी बेटे ने गला दबाकर कर दी अपनी मां की हत्या

वाई-फाई कनेक्शन छेड़ने को लेकर दोनों में हुई थी कहासुनी

जयपुर । करधनी थाना इलाके में एक बेटे ने अपनी मां की गला दबाने और डंडे से सिर पर वार हत्या करने का मामला सामने आया है।

पुलिस जांच के अनुसार सोमवार दोपहर को वाईफाई कनेक्शन छेड़ने को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद बेटे ने मां के साथ मारपीट शुरू कर दी और परिवार बचाने आया तो उनके साथ भी मारपीट की। गला दबाने और डंडे से सिर पर वार करने से महिला घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया।

इस संबंध में मृतका के बड़े बेटे ने आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

■ मृतका के बड़े बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना इलाके में मृत महिला संतोष (51) पत्नी लक्ष्मण सिंह मूर्ति हरियाणा के (महेंद्रगढ़) की रहने वाली थी। पति लक्ष्मण सिंह करीब 10 साल पहले सेना से रिटायर्ड हुए थे। महिला शेखावत मार्ग पर अपने पति लक्ष्मण सिंह बेटे नवीन सिंह और दो बेटियों के साथ रहती थी। साल-2020 में नवीन की शादी हुई थी। इसके बाद उसकी पत्नी छोड़कर चली गई पत्नी ने यूपी के बुलंदशहर में दहेज का केस दर्ज कर रखा है। सोमवार दोपहर वाई-फाई कनेक्शन को लेकर बेटे नवीन की अपनी मां संतोष से झगड़ा हुआ था नवीन ने अपनी मां के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने उसके पिता और बहन आईं। उनके साथ भी मारपीट की गई। गला दबाने और डंडे से सिर पर वार करने थे संतोष बेहोश हो गई थी। इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक के बड़े बेटे ओमपाल ने छोटे भाई के नवीन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

120 यूनिट रक्त संग्रह, युवाओं ने दिखाया उत्साह

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को मालवीय नगर स्थित सेक्टर-6 विजयवर्गीय गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 120 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने भी शिविर में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम संयोजक जय नायक एवं चंद्र प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में युवाओं ने पूरे जोश और सेवा भावना के साथ रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को भी बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में पार्षद रामप्रसाद शर्मा, ओम स्वामी, नरेंद्र सिंह, मनमोहन शर्मा, सुरेश अरोड़ा (डिंपी), खेम सिंह, वीरेंद्र नायक, रामावतार शर्मा, तन्मय चौधरी, प्रवीण मेहता, सतीश शर्मा, ध्रुव पटेल, मोहित यादव, अजय मीणा मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने की राज्य सरकार की योजनाओं की प्रशंसा

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को आयोजित अहम बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जयपुर के सर्किट हाउस में हुई बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी, आयुक्त नगम निगम ग्रेटर डॉ. गौरव सैनी, आयुक्त विशेष योग्यजन केसरलाल मीना सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

अठावले ने केंद्रीय मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं की गत तीन वर्षों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन विभाग, अनुजा निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बैठक में राज्य में अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का राशि वितरण, एससी/एसटी के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम का क्रियान्वयन, अंतरजातीय विवाह हेतु अनुदान राशि वितरण, अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय के लिए अनुदान राशि वितरण,

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को जयपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

राज्य में वृद्धाश्रम योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन हेतु अनुदान राशि का वितरण, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। अठावले ने मैनुअल स्कैवेंजरों (हाथ से मैला ढोने वालों) से संबंधित योजनाएँ एवं अनुदान राशि का वितरण, अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए अन्य योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकानों का आवंटन, जनधन योजना के अंतर्गत बैंक खाते खोलना, बीमा एवं पेंशन की सुविधा, राज्य में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों और गैर-औपचारिक सूक्ष्म उद्यमों हेतु मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण का वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों को एलपीजी गैस कनेक्शन का आवंटन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। सामाजिक बैठक में स्वायत शासन, वित्त, आयोजना, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्रामीण विकास विभाग सहित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अधिकारी एवं संबंधित योजना प्रभारी उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध : अठावले

जयपुर । केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत देशभर में 56.37 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिसमें से राजस्थान में 3.75 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत देशभर में 54.69 करोड़ लोगों को 35.34 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं। राजस्थान में 2.34 करोड़ लोगों को 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला है। इसी प्रकार देशभर में 10.33 करोड़ गैस कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत दिए गए, जिनमें से राजस्थान के 73.77 लाख कनेक्शन आवंटित हुए हैं। आवास योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि 2015 से 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत देशभर में 2.79 करोड़ मकानों का निर्माण किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 94.11 लाख मकान बनाए गए हैं, जिनमें से राजस्थान में 2.41 लाख मकानों का निर्माण हुआ है।

सार-समाचार

इंजीनियरिंग और ए.आई. पर चर्चा

जयपुर । भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर बीएसएनएल राजस्थान सर्कल ने विशेष वेबिनार का आयोजन किया। इसमें आधुनिक इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदलती भूमिका पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। वेबिनार का शुभारंभ बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय के उद्घाटन संबोधन से हुआ। विक्रम मालवीय ने भारत रत्न श्री एम. विश्वेश्वरैया को नमन करते हुये उनके जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एम. विश्वेश्वरैया एक बेहतरीन इंजीनियर तो थे ही साथ ही कृषि, सिंचाई एवं उद्योग जगत मे उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आधुनिक भारत के निर्माण मे उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि-आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रत्येक इंजीनियर के कार्य का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चाहे दूरसंचार हो, स्वास्थ्य हो या शिक्षा, हर क्षेत्र में एआई इंजीनियरिंग के भविष्य को दिशा दे रहा है। हमें इसे जिम्मेदारी और विश्वसनीयता के साथ अपनाना होगा, ताकि तकनीक मानवता के हित में काम करे। इस मौके पर नई दिल्ली के दूरसंचार विभाग के डीडीजी (अंतरराष्ट्रीय संबंध) अविनाश अग्रवाल, डॉ. जयश्री वाजपेयी, डीन, एमबीएम यूनिवर्सिटी, जोधपुर, डॉ. सुमित्रा पद्मनाभन, एसोसिएट डायरेक्टर (एकेडमिक्स) एवं एडजंक्ट प्रोफेसर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संदीप सैनी (सहायक निदेशक) ने किया।

जयपुर पुलिस की जांबाजी पर बनेगी फिल्म

जयपुर । जयपुर पुलिस के कार्यों और उनकी जांबाजी पर जल्द ही एक फिल्म बनने जा रही है। वहीं इस फिल्म की कहानी में दिखाया जाएगा कि केस की जांच के दौरान पुलिस को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किस तरह वे अपराधी को पकड़ने में कामयाब होते हैं।इसके चलते सोमवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने फिल्म का पोस्टर विमोचन किया। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक मोहसिन खान हैं। पोस्टर विमोचन के दौरान थिएटर आर्टिस्ट राजीव महर्षि एडवोकेट और फिल्म में एसपी की भूमिका निभा रहे सीनियर कलाकार दीपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। लेखक और निर्देशक मोहसिन खान ने बताया कि यह फिल्म एक हत्या मिस्ट्री पर आधारित है। जिसे जयपुर पुलिस सुलझाती है। कहानी में दिखाया जाएगा कि केस की जांच के दौरान पुलिस को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किस तरह वे अपराधी को पकड़ने में कामयाब होते हैं। साथ ही फिल्म में एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया है। फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से जयपुर की लोकेशन पर की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर आज करेंगे जनसुनवाई

जयपुर । आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 17 सितम्बर (बुधवार) को शाम 4 से शाम 7 बजे तक पुलिस थाना खोह नागोरियान में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व, सहायक पुलिस आयुक्त बस्ती, मालवीय नगर एवं आदर्श नगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना बस्सी, कानोता, तूंगा, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खोह नागोरियान, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर एवं जामडोली क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

टोक्यो में परशुराम चेतना का परचम

जयपुर । श्री विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान परशुराम के आदर्शों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विश्वभर में प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से कार्यरत इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस का इस्पेक-जापान चैप्टर टोक्यो में विशेष चर्चा का केंद्र बना।इस्पेक-जापान चैप्टर ने जापान की प्रतिष्ठित संस्था 'तरंग' को समाज सेवा हेतु स्पॉन्सरशिप प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम से जुड़े प्रसंगों पर आधारित वीडियो एनीमेशन से हुई। उसके बाद इस्पेक-जापान चैप्टर के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण किया गया । उपस्थित जन को संगठन की भावी योजनाओं तथा क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर इस्पेक, जापान चैप्टर के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन तिवारी सचिव-कोषाध्यक्ष मनोज गौड़ को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शन हेतु इस्पेक की चेयरपर्सन डॉ. हर्षा त्रिवेदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जापान के पदाधिकारियों ने विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, इस्पेक प्रभारी प्यारे लाल शर्मा के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

'आर.जी.एच.एस. में 880 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं अधिकारी, 3 लाख से ज्यादा बिल पोर्टल से गायब'

प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति ने प्रदर्शन कर आरोप लगाए, जांच की मांग भी उठाई

जयपुर। आर.जी.एच.एस. (राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम) प्रदेश का सबसे बड़ा हेल्थ स्कैम बनता जा रहा है। अधिकृत दवा दुकानदारों का लगभग 880 करोड़ रुपये विभागीय अधिकारियों और टीपीए की मनमानी में फंसा पड़ा है। अचानक पोर्टल से 3 लाख से ज्यादा बिल गायब हो गए हैं, लेकिन आज तक किसी ने जवाब नहीं दिया। यह आरोप प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के पदाधिकारियों ने लगाते हुए कहा कि योजना शुरू करते समय सरकार ने वादा किया था कि केमिस्ट को 21 दिन में भुगतान होगा लेकिन अब हालात यह हैं कि दुकानदारों को 6-7 महीने तक भी भुगतान नहीं मिलता है। इसको लेकर सूबे के 5 हजार से अधिक केमिस्ट परिवार न्याय की लडाई लड़ रहे हैं।

प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति अध्यक्ष विवेक विजयर्गीय और उपाध्यक्ष सचिन गोयल ने आर.जी.एच.एस. में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

समिति अध्यक्ष विवेक विजयर्गीय व उपाध्यक्ष सचिन गोयल ने बताया कि बच्चों की स्कूल फीस बकाया है, दुकानें बंद होने की कगार पर पहुंच गई हैं, कर्ज व उधारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। सुबोध कुमार सिंघल ने बताया कि मरीज को समय पर दवा जरूर मिल रही है, लेकिन दवा देने वाले दुकानदार खुद आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

समिति सचिव रवि गुप्ता, पवन अग्रवाल, अनुपम बंसल, नीरज बजाज ने बताया कि 880 करोड़ रुपये कहां गए, 3 लाख बिल पोर्टल से कैसे गायब हो गए, क्यों 21 दिन का वादा 6-7 महीने की लूट में बदल गया। यह विभागीय भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है। यह लडाई सिर्फ केमिस्ट की नहीं है बल्कि पारदर्शिता व ईमानदारी की है। 5 हजार परिवार आज आरजीएचसी घोटाले का सच जानना चाहते हैं।

साइबर धोखाधड़ी का शातिर अपराधी भानु प्रताप गिरफ्तार

जयपुर । बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक साइबर धोखाधडी के शातिर अपराधी भानु प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। जिसके बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी से 50 लाख रुपये का लेन-देन होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक साइबर धोखाधड़ी के शातिर अपराधी भानु प्रताप सिंह निवासी फागी जयपुर ग्रामीण हाल बगरू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित भानु प्रताप सिंह द्वारा आदित्य इंटरप्राइजेज के नाम से एक फर्म बनाई। जो अनजान लोगो से मोबाइल पर सम्पर्क कर उन्हे शेयर मार्केट में राशि निवेश करने पर कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों को अपनी बातो में उलझाकर अपनी फर्म के खाते में रुपये डलवा कर साइबर धोखाधड़ी करता था। आरोपित के बैंक खाते की जांच करने पर पाया गया कि पिछले सात दिवस में उसके बैंक खाते में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये करीब 50 लाख रुपये की राशि जमा हुई है।

आरोपित के बैंक खाते पर अलग-अलग राज्यों से साइबर क्राइम पोर्टल पर पांच शिकायत साइबर फ्रॉड की दर्ज है। आरोपित भानु प्रताप सिंह पर पूर्व में भी एक प्रकरण फर्जी सीमे बेचने का दर्ज है। जिसमें वह गिरफ्तार होकर जमानत पर चल रहा है। आरोपित साइबर अपराध का आदतन अपराधी है।

ए.आई. तकनीक से पकड़ा डमी कैंडिडेट

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने पहुंचा था आरोपी, हरमाड़ा पुलिस ने दबोचा

जयपुर। हरमाडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एआई तकनीक की मदद से राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बायोमेट्रिक जांच में सामने आया कि युवक जून-2025 में डीएलएड परीक्षा के दौरान दूसरे व्यक्ति की जगह परीक्षा दे चुका है। हरमाड़ा थाना पुलिस मेन कैंडिडेट और डमी कैंडिडेट को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि ए.आई. तकनीक की मदद से हरमाडा थाना पुलिस ने राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट 26 वर्षीय समुन्द्र सिंह निवासी मनिया जिला धौलपुर हाल मानसरोवर जयपुर को पकड़ा है। जोसेफ ने बताया कि बायोमेट्रिक जांच के दौरान मिलान में नाम अलग पाया गया। जांच में पता चला कि आरोपित समुंद्र सिंह डीएलएड एग्जाम में विकास की जगह बैठा था। समुद्र सिंह ने

विकास बनकर बायोमेट्रिक का उपयोग कर पेपर दिया था। इस पर पुलिस ने विकास को भी पकड़ लिया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने के चलते दोनों आरोपियों के खिलाफ जीरो नंबर एफआईआर काटकर गांधी नगर थाने भेजी गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने कहा एआई को बायोमेट्रिक से कनेक्ट किया गया है। बायोमेट्रिक से अटेंडेंस लगाते ही एआई के जरिए कैंडिडेट की पूरी डिटेल आ जाती है। उसने पहले कौन-कौन से परीक्षा, किस जगह और कब दिए है।

सेंट्रल जेल में फिर मिले मोबाइल

जयपुर । लालकोठी थाना इलाके मे स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने के मामले सामने आए है। जेल प्रशासन की ओर से चलाए गए सर्च ऑपरेशन में सेल के अंदर बंदियों ने जमीन में दो मोबाइल गाढ़कर छिपा रखे थे। जहां पुलिस टीम ने गड्ढे खोदकर दो मोबाइल ढूंढ निकाले। इस संबंध में थाने में जेल प्रशासन की ओर से जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं पुलिस की ओर से मोबाइल प्रयुक्त करने वाले बंदियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी रामवीर सिंह ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया है कि जेल प्रशासन की ओर से संदिग्ध और लावारिस चीजों की खोजबीन के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जहां जेल अधीक्षक की निगरानी में चलाए गए सर्च ऑपरेशन में पूरे जेल की सघन तलाशी ली गई। इस सर्च ऑपरेशन में जेल के वार्ड नंबर-4 और वार्ड नंबर-9 में बंदियों ने जमीन में मोबाइल गाढ़कर छिपा रखे थे। जेल प्रशासन ने गड्ढा खोदकर दोनों मोबाइल जमीन से निकाले। दो अलग-अलग सेल में मिले दोनों मोबाइल के बारे में बंदियों से पूछताछ भी की गई।

विश्वभर का जो श्रेष्ठतम है, वह भारतीय संविधान में निहित है : राज्यपाल बागड़े

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व लोकतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान सर्वोच्च है। लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने लोकतंत्र में सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने और सभी को पारदर्शिता से कार्य करने की संस्कृति विकसित करने का आव्हान किया। बागडे सोमवार को इंदिरा गांधी पंचायत राज संस्थान सभागार में 'भारतीय युवा संसद' के अधिवेशन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के कर्णधार हैं, उन्हें 'देश प्रथम' की सोच से कार्य करने के लिए सभी स्तरों पर प्रेरित किया जाए। उन्होंने विश्व में लोकतंत्र के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में बाबा साहेब आम्बेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान यह ध्यान रखा कि विश्वभर का जो श्रेष्ठतम है, वह हमारे संविधान में आए।

राज्यपाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र इसलिए है कि यह समानता, न्याय और उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ा है। उन्होंने सही शिक्षा के जरिए लोकतंत्र को मजबूत किए जाने

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्व लोकतंत्र दिवस पर युवा संसद अधिवेशन में स्मारिका का विमोचन किया।

का आव्हान किया। इसके लिए उन्होंने विद्यालयों और महाविद्यालयों में बौद्धिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाते हुए प्रतिभा संपन्न युवाओं की संख्या बढ़ाए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि थाली में भोजन का जो नियोजन कर सके और खाने के बाद भोजन फेंकना नहीं पड़े, वही राष्ट्र और समाज में नियोजन के लिए कार्य करने में सक्षम हो सकता है। शुरूआत घर से, अपने आप के नियोजन से करनी होगी तभी देश और विश्व का नियोजन सही हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन में कृत्रिम बुद्धिमता का प्रयोग साक्ष्य आधारित निर्णय लेने, प्रक्रियाओं में तेजी लाने और नागरिक सुविधाओं में बेहतरी के लिए तो ठीक है परन्तु इसका सावधानी से उपयोग होगा तभी तकनीक की सार्थकता है।

ए.आई. मानवीय गरिमा और जीवन मूल्यों पर हावी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। राज्यपाल ने आरंभ में भारतीय संसद के आलोक में प्रकाशित पुस्तिका "लोकतंत्र वैचारिकी" का लोकार्पण किया।